REMINDER-I

सत्यमेव जयते

No.Tour Report/3/Rajasthan/Member(HKD)/2017/RU-I
Govt. of India
National Commission for Scheduled Tribes
*****

6th Floor, 'B' Wing, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi – 110003
Dated:- 31.07.2017

To,

The Chief Secretary,
Govt. of Rajasthan,
Secretariat,
Jaipur-302005,
Rajasthan

Subject: Tour Report from 27.01.2017 to 05.02.2017 of Shri H.K.Damor, Hon'ble Member, NCST to State of Rajasthan (District-Udaipur, Dungarpur and Banswara)

Sir,

I am directed to refer to this Commission's letter of even no. dated 31.03.2017 forwarding therewith a copy of Tour Report dated 27.01.2017 to 15.02.2017 of Shri H.K. Damor, Hon'ble Member, NCST on the above mentioned subject and to say that the reply/Action Taken Report has not been received in the Commission so far.

2. You are, therefore, again requested to furnish the requisite information/Action Taken Report to this Commission at the earliest in the matter for further necessary action.

Yours faithfully,

5000-01 — O/C
1/8/17

जारी किया
ISSUED

(Rajeshwar Kumar)
Assistant Director
Tel:24645826

Copy to :-

1. The Principal Secretary Govt. of Rajasthan, Tribal Development Department, Jaipur, Rajasthan.

2. SAS, NIC, NCST, New Delhi-110001-for uploading on website.

# भारत सरकार
# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

श्री हरिकृष्ण डामोर, माननीय सदस्य, दिनांक 27.01.2017 से 05.02 2017 तक राजस्थान राज्य के राजकीय प्रवास पर रहे | राजकीय प्रवास के दौरान अनुसूचित जनजाति के लोगों की समस्याओं को जानने के साथ ही इनके विकास हेतु संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए माननीय सदस्य ने विभिन्न जनजातीय गांवों का भ्रमण कर विभिन्न सेवा केन्द्रों यथा विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, छात्रावास, आंगनवाडी केंद्र आदि का निरीक्षण कर, अनुसूचित जनजाति के विभिन्न संगठनो के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की एवं जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठके ली जिसकी रिपोर्ट निम्नानुसार है : -

**दिनांक: 27 जनवरी 2017**

1. **राजकीय जनजाति कस्तूरबा आश्रम छात्रावास, मधुवन, उदयपुर:** माननीय सदस्य द्वारा राजकीय जनजाति कस्तूरबा आश्रम छात्रावास, मधुवन, उदयपुर का निरीक्षण किया गया | छात्रावास अधीक्षक श्रीमती दीपाली ने बताया की छात्रावास की आवास क्षमता 100 बालिकाओं की है तथा वर्तमान में 97 बालिकाएँ आवासित हैं, जिसमें से 1 बालिका बी.एससी. करने तथा अन्य 2 पीएमटी की तैयारी करने वापस चली गयी है | शैक्षणिक सत्र 2015-16 में विद्यालय का परिणाम 93 प्रतिशत रहा है जो की एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अच्छी व्यवस्थायों का द्योतक है | निरीक्षण के दौरान माननीय सदस्य ने पाया की विद्यालय प्रांगण तथा कक्षा-कक्ष आदि की साफ-सफाई, शीतल एवं परिशोधित पेयजल की व्यवस्था, भोजन सारणी अनुसार समय पर भोजन की उपलब्धता, टेलीविजन और 7 कंप्यूटर तथा गर्म पानी हेतु सोलर हीटर की व्यवस्था है | शैक्षिक उन्नयन के लिए छात्राओं को गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय की कोचिंग करवाई जा रही है जो की एक अनुकरणीय कदम है |

   माननीय सदस्य ने बालिकाओं से बातचीत करते हुए बताया कि यह समय बहुत ही प्रतिस्पर्धा का है | यही उपयुक्त समय है जब हम अपने जीवन का लक्ष्य तय करते हैं और उसी ओर निरन्तर व सटीक प्रयास हमें लक्ष्य प्राप्ति हेतु सक्षम बनाते हैं | उज्जवल भविष्य बनाने के लिए कठिन मेहनत और लगन की जरुरत होती है साथ ही अच्छे संस्कार व शुद्ध आचरण भी जरूरी है | सरकार द्वारा काफी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं जिनका सदुपयोग करते हुये अधिकाधिक अंक प्राप्त करने का लक्ष्य रख कर पढाई करनी है |

2. **राजकीय जनजाति बालिका खेल छात्रावास, मधुवन, उदयपुर:** छात्रावास अधीक्षक ने बताया की छात्रावास की आवास क्षमता 50 बालिकाओं की है और वर्तमान में 49 बालिकाएं उपस्थित हैं, एक बालिका बीमार होने के कारण घर गई हुई है | छात्रावास में प्रवेश हेतु बेटरी टेस्ट द्वारा छात्राओं का चयन किया जाता है | निरीक्षण के दौरान छात्रावास की सफाई, भोजन, गर्म पानी हेतु सोलर हीटर, परिशोधित पेयजल आदि की अच्छी व्यवस्था पाई गयी | छात्रावास की बालिकाएं तीरंदाजी, एथेलेटिक्स, वालीवाल व हैंडबॉल आदि खेलों में जिला / राज्य स्तर पर खेल-कूद प्रतियोगिताओं में भाग लेती हैं |

   माननीय सदस्य ने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए अपने खेल स्तर को सुधारते हुए अधिक से अधिक अंक लाने का लक्ष्य निर्धारित कर प्रयास करने की आवश्यकता बताई जो की आज के प्रतिस्पर्धा के युग में सफलता की धुरी है |

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

3. **जनजाति अनुसंधान संस्थान (टी.आर.आई.), उदयपुर:** जनजाति अनुसंधान संस्थान, उदयपुर के कार्यवाहक निदेशक श्री बी. एल. कटारा, संयुक्त निदेशक श्रीमती ज्योति मेहता एवं अन्य सहकर्मियों ने माननीय सदस्य को संस्थान द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों एवं कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी तथा बताया की संस्थान में कुल 27 पद स्वीकृत हैं जिनमे से 10 पद रिक्त हैं जिससे समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य संपादन एक बड़ी चुनौती रहती है | श्री कटारा ने संस्थान द्वारा किये जा रहे प्रमुख कार्यों की जानकारी माननीय सदस्य से साझा की जो निम्नानुसार है -

- **जनजाति प्रतिभा सम्मान समारोह:** जनजातीय युवाओं को शैक्षणिक प्रेरणा देने हेतु जनजातीय प्रतिभाओं का **सार्वजनिक समारोह आयोजित** कर 13 विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाता है जिसमे प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह एवं नकद पुरस्कार शामिल है | शैक्षणिक सत्र 2015-16 में 113 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया |
- **जनजातीय शिक्षार्थियों को शोध छात्रवृति:** जनजाति समुदाय के अभ्यर्थियों के लिए विद्या वाचस्पति उपाधि (पी.एच.डी.) प्राप्त करने हेतु 3 वर्ष तक छात्रवृति प्रदान की जाती है | शैक्षणिक सत्र 2016-17 में (दिसम्बर माह तक) 18 अभ्यर्थियों को लाभान्वित किया गया है |
- **कोचिंग:** चिकित्सा एवं तकनिकी शिक्षा हेतु प्रवेश परीक्षा की तैयरी के लिए कोटा एवं उदयपुर स्थित प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों से जनजाति उपयोजना क्षेत्र के जनजातीय छात्र-छात्राओं को कोचिंग करवाई जाती है | शैक्षणिक सत्र 2016-17 में (दिसम्बर माह तक) 77 छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया गया है | इसके साथ ही राजस्थान लोक सेवा आयोग, राजस्थान अधीनस्थ सेवा आयोग एवं एस.एस.सी. द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की नि:शुल्क कोचिंग जनजाति उपयोजना क्षेत्र के जनजातीय छात्र-छात्राओं को टी. आर.आई. परिसर में करवाई जाती है | पटवारी (मुख्य) परीक्षा, एस.एस.सी., आर.ए.एस. प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा, अध्यापक ग्रेड-II, पुलिस उप-निरीक्षक एवं ग्राम सेवक परीक्षा की तैयारी करवाने हेतु शैक्षणिक सत्र 2015-16 में संस्थान द्वारा 1080 अभ्यर्थियों को नि:शुल्क कोचिंग करवाकर लाभान्वित किया गया है |
- **मूल्यांकन प्रकोष्ठ:** संविधान की धारा 275 (1) के अंतर्गत मूल्यांकन अध्ययन निर्धारित समय पर करवाए जाते हैं | संस्थान द्वारा वर्तमान में वर्ष 2015-16 में नि:शुल्क स्कूटी वितरण योजना मूल्यांकन एवं वर्ष 2015-16 में अनुसूचित क्षेत्र एवं प्रस्तावित अनुसूचित क्षेत्र में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का तुलनात्मक अध्ययन प्रगति पर है |
- **कार्यशाला एवं प्रशिक्षण:** जनजाति विकास से सम्बंधित विभिन्न समस्याओं एवं नवीन चुनौतियों के सन्दर्भ में संस्थान की ओर से समय समय पर कार्यशालाएं, सेमिनार, गोष्ठियां आयोजित की जाती हैं |
- **कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ:** जनजातीय कला एवं संस्कृति के विविध पहलुओं से गैर जनजातीय समाज को अवगत कराने तथा कला एवं संस्कृति को संरक्षित करने की दृष्टि से प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किये जाते हैं | अक्टूबर 2016 में लोकनाट्य भजन संध्या 'गवरी' एवं दिसम्बर 2016 में द्वितीय राज्य स्तरीय फोटोग्राफिक प्रतियोगिता का उदयपुर में आयोजन किया गया | दिनांक 26 - 28 अक्टूबर, 2016 को आयोजित राष्ट्रीय जनजाति कार्निवल-2016 में संस्थान द्वारा नामित 132 सांस्कृतिक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी |
- **पुस्तकालय एवं प्रकाशन:** संस्थान के पुस्तकालय में जनजाति समुदाय से सम्बंधित पुस्तकों/ग्रंथों का समृद्ध संग्रहण है | इसमे 16416 सन्दर्भ ग्रन्थ व पुस्तकें हैं तथा 135 पत्र-पत्रिकाएं उपलब्ध हैं | प्रकाशन सहायता योजना अंतर्गत विशेषज्ञों द्वारा लिखी गयी मौलिक पाण्डुलिपि के प्रकाशन हेतु सहायता प्रदान की जाती है | दिसम्बर 2016 तक 107 पांडुलिपियों की जाँच कर ली गयी है | संस्थान के प्रकाशन प्रकोष्ठ की ओर से आईएसएनएन पंजीकृत शोध पत्रिका **'ट्राइब'** का प्रकाशन कराया जाता है | वर्ष 2015 में 47वा अंक **"जनजाति स्वास्थ्य एवं औषधीय पौधे"** पर जारी किया गया जो की टी.आर.आई. की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है |

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

माननीय सदस्य ने संस्थान द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाये जाने के साथ साथ उसकी गुणवत्ता बनाये रखने पर जोर दिया इसके अतिरिक्त आज की प्रतिस्पर्धा के समय में जनजाति समुदाय को अधिकाधिक लाभ मिले इसके लिए उन्हें तैयार करने में टी.आर.आई. को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की ओर ध्यान देने की जरुरत बताई |

4. **राजकीय जनजाति बहु-उद्देश्यीय बालिका छात्रावास, टी.आर.आई. परिसर, उदयपुर:** छात्रावास अधीक्षक श्रीमती अनुसुया जैन ने बताया की जनजाति समुदाय की छात्राएं यहाँ रहकर विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर सकें इसी उद्देश्य हेतु यह छात्रावास अक्टूबर 2015 में आरंभ हुआ है | इसकी आवास क्षमता 150 है तथा अभी 85 बालिकाएं आवासित हैं जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं |

माननीय सदस्य ने स्वामी विवेकानंद एवं डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के प्रेरणास्पद वृतान्त याद दिलाते हुए छात्रावास में आवासित छात्राओं से कहा की घर छोड़कर आये हैं तो एकमात्र लक्ष्य पढाई होना चाहिए, फिर कुछ भी असंभव नहीं है | जीवन में नियोजित तरीके से प्रयास करने की जरुरत तो है ही निरंतरता भी उतनी ही जरूरी है | उठो, तैयार हो और लग जाओ अपना लक्ष्य साधने में .... सफलता जरूर मिलेगी |

5. **राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग स्थानीय कार्यालय, उदयपुर:** माननीय सदस्य ने राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग कार्यालय, उदयपुर का अवलोकन किया | इसके उपरांत परिसर में ही संचालित परियोजना अधिकारी, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया | परियोजना अधिकारी ने बताया की कार्यालय के माध्यम से 3 आवासीय विद्यालय, 1 आदर्श विद्यालय, 2 खेल छात्रावास, एवं 63 आश्रम छात्रावास संचालित हैं | इसके अतिरिक्त जनजाति छात्राओं को गृह किराया, उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता, बोर्ड / विश्व-विद्यालय में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण होने पर प्रतिभावान छात्रवृति प्रदान की जाती है | परियोजना अधिकारी ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लक्ष्य के साथ ही उपलब्धि भी साझा की जिस पर माननीय सदस्य ने योजनाओं को समय पर लोगों तक पहुँचाने के लिए क्रियान्विति आलेख बनाकर लागू करने की सलाह दी, जिससे लक्ष्य समय पर प्राप्त किये जा सकें | परियोजना अधिकारी ने सभी छात्रावासों पर स्वीकृत पदों के विरुद्ध भरे हुए एवं रिक्त पदों की जानकारी दी जिसमे पाया की अधिकांश पद रिक्त हैं जिससे कार्य संपादन में शिथिलता के साथ गुणवता भी सुनिश्चित नही हो पाती है |

माननीय सदस्य का मानना है की जनजाति विकास में शिक्षा एवं शैक्षणिक उन्नयन बहुत ही अहम् है और इस दायित्व के निर्वहन में हमें पूरी शक्ति के साथ लगाना होगा, तभी अच्छे परिणाम मिलेंगे अत: रिक्त पदों को तत्काल प्रभाव से भरना चाहिए |

**दिनांक: 28 जनवरी, 2017**

6. **मॉडल पब्लिक रेजिडेंशियल स्कूल ढीकली:** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर द्वारा संचालित उक्त स्कूल व छात्रावास का अवलोकन किया गया | संस्था प्रधान ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया | भवन बहुत अच्छा बना हुआ है | शैक्षिक स्तर अच्छा है | खाद्य सामग्री भी गुणवत्ता की उपलब्ध करवाई जाती है | छोटी-छोटी कमियों पर भी ध्यान देने हेतु मौके पर ही संबंधित को निर्देश दिए गये | स्टाफ की कमी की पूर्ती कर अधिक प्रयास करते हुए शिक्षा के स्तर को और अधिक ऊँचा करने हेतु कहा गया | अन्य व्यवस्थाएं अच्छी पायी गई |

7. **उचित मूल्य की दुकान, ढीकली, पंचायत समिति-बडगांव:** माननीय सदस्य द्वारा निरीक्षण के दौरान उचित मूल्य की दुकान, ढीकली, पंचायत समिति-बडगांव बंद पाई गयी जिसकी जानकारी सूचना-पट्ट पर भी अंकित नही मिली | दुकानदार श्री छगनलाल जैन (पंजीयन संख्या-1301985) के पिताजी ने बताया की उनका लड़का

बाहर गया है इसलिए दुकान बंद है | माननीय सदस्य ने बताया की दुकान में स्टॉक, वितरण समय एवं अन्य सम्बंधित सूचनाएं सूचना-पट्ट पर अंकित होने चाहिए ताकि लाभार्थी सूचित रहें |

8. **आंगनवाडी केंद्र, ढीकली:** आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती ललिता वैष्णव ने बताया की केंद्र पर कुल 16 बच्चे शालापूर्व शिक्षा हेतु पंजीकृत हैं जिनमे निरीक्षण के दौरान 10 बच्चे उपस्थित मिले | पोषाहार आंगनवाडी केंद्र पर तैयार नहीं किया जाकर सहायिका के घर पर बनाया जाना बताया | आंगनवाडी केंद्र पर सम्बंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे जो की एक गंभीर विषय है | धात्री माताओं एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की जानकारी प्राप्त कर रिकॉर्ड पूरा करने हेतु बताया | माननीय सदस्य का मानना है कि दस्तावेजिकरण न केवल समीक्षा के लिए बल्कि योजना निर्माण का भी आवश्यक तत्व है अत: सम्बंधित दस्तावेज सेवा केंद्र पर उपलब्ध होने ही चाहिए |

(अनुवर्ती कार्यवाही - समेकित बाल विकास सेवाएं. निदेशालय महिला एवं बाल विकास विभाग, जयपुर)

9. **आंगनवाडी केंद्र, वाडा (ढीकली):** आंगनवाडी केंद्र वाडा (ढीकली) का निरीक्षण किया गया तथा पाया की केंद्र पर 21 बच्चे शालापूर्व शिक्षा के लिए पंजीकृत हैं तथा निरीक्षण के दौरान 10 बच्चे उपस्थित थे | आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती सीमा चौधरी ने पोषाहार में मीठा दलिया वितरित किया, जो केंद्र पर ही तैयार किया गया था | कार्य संतोषजनक पाया गया |

10. **आंगनवाडी केंद्र, रेबारियों का गुड्डा:** आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती रेखा मेघवाल ने बताया की केंद्र पर 22 बच्चे पंजीकृत हैं जिनमे से 19 बालक/बालिकाएँ जनजाति वर्ग के हैं | केंद्र पर तीन गर्भवती महिलाएं तथा दो धात्री माताएं पंजीकृत हैं | माननीय सदस्य ने आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा दिए जा रहे शालापूर्व शिक्षा के सत्र का भी अवलोकन किया | कार्य संतोषजनक पाया गया |

11. **राजकीय माध्यमिक विद्यालय, उमरडा:** राजकीय माध्यमिक विद्यालय, उमरडा की प्रधानाचार्या श्रीमती सविता भणात ने बताया की विद्यालय में कुल 642 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं जिनमे से 235 छात्र एवं 293 छात्राएं अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं | छात्र-छात्राओं के शिक्षा के स्तर के आंकलन का आंकलन किया गया तथा छात्र संख्या के अनुरूप कक्षा कक्ष की कमी पाई गयी | माननीय सदस्य का मानना है की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में भौतिक वातावरण भी महत्वपूर्ण है अत: अतिरिक्त कक्षा कक्षों की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि छात्र-छात्राओं के बैठने की समस्या नहीं हो | अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को अभी तक छात्रवृति नहीं मिली है |

12. **ग्राम पंचायत, उमरडा:** माननीय सदस्य द्वारा ग्राम पंचायत उमरडा का दौरा किया गया जिसमे उमरडा सरपंच श्रीमती कमला बाई, पंचायत समिति सदस्य श्रीमती लाली बाई एवं उनके पति से मुलाकात कर पंचायत भवन का अवलोकन किया गया | सरपंच ने बताया की गाँव में जनजाति वर्ग के 35 लोगों के श्रमिक कार्ड बनाये गए हैं साथ ही महानरेगा, पेंशन आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर अधिक से अधिक जनजाति के लोगों को लाभान्वित करने हेतु कहा गया |

**दिनांक: 29 जनवरी, 2017**

13. रविन्द्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज के सभाभवन में माननीय सदस्य का अभिनन्दन समारोह श्री मेवाड़ वागड़ मालवा विकास संस्थान, उदयपुर एवं मेडिकल स्टाफ व छात्रों द्वारा आयोजित किया गया | समारोह में केंद्रीय चिकित्सा राज्य मंत्री श्रीमान कुलस्ते साहब की उपस्थिति उल्लेखनीय रही | समारोह में उदयपुर से सांसद श्री अर्जुनलाल जी मीना, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष श्री गरासिया जी, शहर विधायक जी

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
... Delhi

समेत अनेक जनप्रतिनिधि, जनजाति संगठनों के प्रतिनिधि मेडिकल कॉलेज के प्राध्यापक व स्टाफ उपस्थित रहे ।

**दिनांक: 30 जनवरी, 2017**

14. **राजकीय जनजाति आश्रम छात्रावास, टीडी, तहसील - गिर्वा, उदयपुर:** माननीय सदस्य द्वारा राजकीय जनजाति आश्रम छात्रावास, टीडी का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षक श्री देवीलाल मीणा ने बताया की छात्रावास की आवास क्षमता 50 बालक है तथा वर्तमान में 50 बालक अलग-अलग कक्षाओं में अध्ययनरत हैं । गत शैक्षणिक सत्र (2015-16) में छात्रावास में आवासित बालकों (10वीं 11वीं 12वीं कक्षा) का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा । यहीं का एक छात्र श्री प्रकाश चन्द्र मीणा 12वीं कला वर्ग में 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में शीर्ष पर रहा । छात्रावास की साफ-सफाई भी निरीक्षण के दौरान ठीक पायी गई । छात्रावास अधीक्षक को और अधिक मेहनत कर काम करने एवं छात्रों को अच्छे संस्कार सिखाने, नियमित रहने हेतु निर्देशित किया ।

15. **राजकीय जनजाति उच्च माध्यमिक आवासीय विद्यालय, सरू, तहसील - गिर्वा, उदयपुर:** माननीय सदस्य द्वारा विद्यालय के निरीक्षण के वक्त छात्रवस अधीक्षक हेमलता सोनी ने बताया की यह आवासीय विद्यालय 23 जुलाई, 2016 से ही आरम्भ हुआ है तथा इसकी आवास क्षमता 50 बालिकाओं की है । वर्तमान में विभिन्न कक्षाओं में 50 बालिकाएं अध्ययनरत हैं । माननीय सदस्य ने बालिकाओं से उनकी खाने-पीने, रहने, अध्ययन एवं सुरक्षा के सन्दर्भ में वार्ता की तो छात्राओं ने सभी व्यवस्थायें संतोषप्रद बताई । सभी छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने और अच्छे अंक लाने की बात कही । भवन अच्छा बना हुआ है ।

16. **राजकीय जनजाति उच्च माध्यमिक आवासीय विद्यालय, खेरवाडा, जिला - उदयपुर:** राजकीय जनजाति उच्च माध्यमिक आवासीय विद्यालय, खेरवाडा के प्रधानाचार्य श्री लक्ष्मण राम भागोरा ने बताया की यह आवासीय विद्यालय 2003 में आरम्भ हुआ था तथा वर्तमान में कक्षा 12 तक के 350 छात्र नामांकित हैं और 321 छात्र अध्ययनरत हैं । विद्यालय में कुल 27 कर्मचारी/अधिकारीयों के पद स्वीकृत हैं परन्तु इनमे से 12 पद रिक्त हैं । माननीय सदस्य ने विद्यालय प्रांगण एवं कक्षा-कक्षों की साफ - सफाई, विज्ञान विषय की प्रयोगशालाएं, जिम, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण किया । स्टाफ हेतु आवास भवन बनाये गए थे परन्तु अब ठीक हालत में नहीं है । इस कारण स्टाफ व प्रधानाचार्य वहां नहीं रहते हैं । इसके लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है ।

    विद्यार्थियों को सरकार की ओर से बहुत सारी सुविधाएँ दी जा रही हैं इनका उपयोग कर अच्छा परिणाम लाने का प्रयास करना है । विद्यालय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के पद रिक्त है जिन्हें शीघ्र भरने की कार्यवाही करनी चाहिए तथा भवन की अवस्था भी जर्जर है जिसकी मरम्मत की सख्त आवश्यकता है ।

    दोपहर 1.30 बजे डूंगरपुर सर्किट हाउस पहुंचा । जिलाधिकारियों के प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया ।

17. **राजकीय जनजाति कन्या छात्रावास सती रामपुर, जिला डूंगरपुर** का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय 25 छात्राएं उपस्थित पाई गयी । छात्राओं से चर्चा कर उनको छात्रावास में रहकर नियमित अध्ययन करने, अच्छे संस्कार सीखने, नियमित दिनचर्या रखने एवं अधिक मेहनत कर अच्छे अंक लाकर अपने भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित किया ।

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

18. **राजकीय जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास देवलपाल, जिला डूंगरपुर** का निरीक्षण किया गया | 47 छात्रों में से 15 छात्र वक्त निरीक्षण उपस्थित पाए गए | कुछ छात्र खेल मैदान में खेलने गए हुए थे | छात्रावास निरीक्षण में छात्रों की किताबें व कुछ छात्रों के बर्तन बिस्तर के नीचे रखे पाए गए | इन्हें व्यवस्थित अलमारी में रखने, अवधिपार सामग्री का नियमानुसार सालाना निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए | छात्रावास भवन काफी पुराना होने से व्यवस्थित भी नहीं है | शौचालय व स्नानघर भी ठीक नहीं है | नियमित सफाई की व्यवस्था नहीं है | वार्डन को हालात में सुधार करने हेतु निर्देशित किया | उच्च अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण कर गुणवता में सुधार की करवाने आवश्यकता है |

19. **राजकीय जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास डूंगरपुर** का अवलोकन करने पर 108 छात्राएं उपस्थित होना बताया गया | 10वीं कक्षा की गणित विषय की कोचिंग कक्षा में त्रिभुज का क्षेत्रफल निकालने के लिए सवाल कराया गया | शिक्षा का स्तर सामान्य पाया गया | अधीक्षिका को सभी छात्राओं को प्रेरित कर परीक्षा में अधिक अच्छे अंक लाने हेतु और अधिक मेहनत करने हेतु कहा गया | खाना बनाने वाले रसोइयों के नियमित भुगतान के निर्देश दिए गए |

**दिनांक: 31 जनवरी, 2017**

20. **राजकीय जनजाति खेल छात्रावास (बालक), तीजवड** का अवलोकन किया गया | खेल मैदान के ट्रैक निर्माण का निरीक्षण किया गया | छात्रावास में साफ - सफाई नियमित करने के निर्देश दिए गए | अन्य खेल छात्रावासों को भेजने हेतु खेल सामग्री वहां रखी हुई थी | उसको शीघ्र सम्बंधित छात्रावासों में भिजवाने हेतु निर्देशित किया |

21. **दावेडा पंचायत समिति** के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया गया | जिसमे विकास अधिकारी तकनिकी अधिकारी को नियमित देखरेख कर गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण हेतु निर्देशित किया |



*छायाचित्र 1: पंचायत समिति दावेडा के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करते हुए माननीय सदस्य*

22. **दावेडा पंचायत समिति** में बी.पी.एल. आवास भवन का निरीक्षण किया, तथा वहां के ग्रामवासियों से चर्चा की गयी | ग्रामवासियों ने बताया की राशन दो माह में मिलता है | देवजी पिता खेमजी ने बी. सी. द्वारा पैसा लेकर पेंशन देने की शिकायत की | इस सम्बन्ध में विकास अधिकारी को शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया |
    - गाँव चितरेटी, ग्राम पंचायत दावेडा में सवित पत्नी खेमा के मुख्यमंत्री आवास देखा | जिसकी कुल लागत 70,000 /- रुपये है और यह वर्ष 2013-14 में पूर्ण हो चुका है |
    - गाँव चितरेटी, ग्राम पंचायत दावेडा में अमृतलाल का मकान अधूरा है, जिसे पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए |



*छायाचित्र - 2: ग्राम चितरेटी में मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित मकान का निरीक्षण करते हुए*

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

- सविता अहारी को विधवा पेंशन नहीं मिल रही है | विकास अधिकारी को पूछने पर बताया की आवेदन अभी प्राप्त नहीं हुआ है | आवेदन मिलने पर शीघ्र कार्यवाही की जावेगी |
- ग्राम पंचायत सचिव दावेडा ने बताया की कुल 546 आवास स्वीकृत हैं, जिसमे से 200 अपूर्ण हैं | सरपंच सचिव को सभी आवास जल्द ही पूर्ण करवाने हेतु निर्देश दिए गए |
- हीरा पिता शंकर गाँव चितरेटी ने बताया की उसके परिवार में कुल 7 सदस्य हैं लेकिन सदस्य अनुसार पूरा गेंहूँ नहीं मिलता है एवं पीओएस मशीन की रसीद नहीं देते हैं |
  - पुनाली वृद्ध बहु-उद्देशीय सहकारी समिति का निरीक्षण किया गया | वहां लोगों की भीड़ अधिक थी जिसमे उन्होने ब्रांच मेनेजर को शीघ्रताशीघ्र भुगतान कराने के लिए निर्देश दिए |
- राजकीय माध्यमिक विद्यालय पुनाली, आंगनवाडी केंद्र, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पुनाली में बन रहे मिड-डे-मील देखा गया | कुल 54 बच्चों में से 51 बच्चे उपस्थित होना बताया गया | बच्चों के लिए चावल-दाल मापदण्डानुसार नहीं बना | करीब आधी मात्रा में ही खाना तैयार किया गया था | आंगनवाडी कार्यकर्ता का पोलियो कार्यक्रम में जाना बताया गया | आंगनवाडी केंद्र पर 8 में से 3 बच्चे ही उपस्थित मिले | मेन्यु अनुसार अल्पाहार नहीं बना था | दलिये की जगत खिचड़ी बनी थी | सम्बंधित अधिकारी दस्तावेज व स्टोर का नियमित निरीक्षण कर सामग्री का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही करें |



*छायाचित्र - 3: श्री हरिकृष्ण डामोर, आंगनवाडी केंद्र पुनाली का पोषाहार के समय निरीक्षण करते हुए |*

- ग्राम पंचायत खलील के ग्राम बोकडसेल में जल स्वावलंबन के द्वितीय चरण के अंतर्गत फार्म पोंड जो कृषि विकास के अंतर्गत है का निरीक्षण किया गया |
- ग्राम पंचायत खलील के ग्राम धाणी ढूंढा में गौतम / नाथू का कैटलशेड व वर्मी कम्पोस्ट देखा गया जिसका भुगतान हो चुका है | शौचालय निर्माण का कार्य पूरा हो गया है |
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूंजपुर का निरीक्षण किया गया जिसमे -
- डॉ. अमित व स्टाफ नर्स मनीषा रोत मेडिकल छुट्टी पर होना बताया, परन्तु उपस्थिति पंजिका में अवकाश का अंकन नहीं था |
- डॉ. शांतिलाल मौखिक आदेश से आसपुर प्रतिनियुक्ति पर होना बताया गया परन्तु हस्ताक्षर प्रतिदिन पूंजपुर में करते हैं | प्रतीत होता है की डॉ. शांतिलाल उपस्थिति दर्ज कर घर चले गए हैं |



*छायाचित्र - 4: श्री डामोर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूंजपुर में उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए |*

- ओ.पी.डी. में औसतन 100 मरीज आना बताया गया | आज दिनांक 30.01.2017 को 59 मरीज रजिस्टर्ड हैं |
- अटल सेवा केंद्र पूंजपुर का निरीक्षण किया गया जिसमे नरेगा का रिकॉर्ड पूर्ण व्यवस्थित नहीं था | विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया | ई-मित्र में रेट लिस्ट व राजवेट की स्थिति अच्छी थी |

हरि कृष्ण डामोर/Hari Krishna Damor
सदस्य/Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

पूंजपुर के रस्ते में नरेगा श्रमिकों से बातचीत की गयी | कुछ श्रमिकों द्वारा पूर्व में किये गए एक कार्य का भुगतान नहीं होना बताया गया |

- आई.टी.आई. डूंगरपुर का निरीक्षण किया गया, जिसमे 7 ट्रेड्स में से 2 ट्रेड्स के ही अनुदेशक हैं बाकी ट्रेड्स में संविदा पर कार्यरत हैं | छात्रों को वजीफा व किराया भुगतान आदिनांक तक नहीं किया गया है | छात्राओं हेतु छात्रावास की व्यवस्था नहीं है | छात्रों का छात्रावस काफी जीर्ण-शीर्ण है एवं गन्दी हालत में है | कमरों में ही कुछ छात्र रह रहे हैं | छात्रावास में भोजन की व्यवस्था नहीं है |
- राजकीय मॉडल पब्लिक रेजिडेंशियल स्कूल सुरपुर का निरीक्षण किया गया | भौतिक विज्ञान के प्राध्यापक का पद रिक्त है | भवन अच्छा बना हुआ है एनी व्यवस्थायें संतोषजनक पाई गयी |

**दिनांक: 01 फ़रवरी 2017**

23. **जिला स्तरीय बैठक** : बैठक में जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे | बैठक में अनुसूचित जनजातियों के से सम्बंधित विकास कार्यों एवं लाभान्वित किये जाने वाले भारत सरकार / राज्य सरकार के समस्त कार्यक्रमों के साथ अनुसूचित जाति / जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों की चर्चा की गयी | जिले में सभी विभागों में रिक्त पद काफी संख्या में हैं | अधिकारियों/कर्मचारियों को संवेदनशील होकर कार्य करने और लंबित प्रकरणों को नियमानुसार शीघ्र निपटने हेतु कहा गया |



*छायाचित्र - 5: सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेते श्री हरिकृष्ण डामोर*

24. **ग्राम पंचायत हिराता** का निरीक्षण किया गया | सरपंच, ग्राम पंचायत हिराता ने माननीय सदस्य का स्वागत किया | ग्राम सचिव उपस्थित नहीं थे | सरपंच ने बताया की जिला प्रशासन द्वारा कई राशन कार्ड निरस्त किये गए हैं | कंप्यूटर के सिस्टम में गड़बड़ी के कारण कई राशन कार्ड डिलीट हो जाने से राशन सामग्री उन राशन कार्ड धारकों को नहीं मिल रही है | अधिकांशत: सर्वर भी डाउन रहता है | इस कारण कई समस्याएं हैं | इसका समाधान उच्च स्तर पर ही होना चाहिए |




*छायाचित्र - 6: ग्राम पंचायत हिराता में अटल सेवा केंद्र के निरीक्षण के दौरान*

25. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टामटिया का निरीक्षण किया गया | डॉक्टर उपस्थित नहीं था तथा अवकाश में होना बताया गया | यह सूचना, सूचना-पट्ट पर अंकित नहीं थी | वार्ड में कोई मरीज भी भर्ती नहीं मिला |

26. राजकीय बालक छात्रावास भीलूडा का निरीक्षण किया गया | कक्षा 12वीं के दो छात्र उपस्थित मिले | वार्डन अभी नया है, वह छात्रावास में निवास नहीं करता है तथा उसको छात्रावास से सम्बंधित कोई अधिक जानकारी

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

भी नहीं है | छात्रों से चर्चा करने पर शिक्षा का स्तर सामान्य पाया गया | वार्डन को वहीं रहकर साफ - सफाई व ध्यान रखकर छात्राओं को अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित करने हेतु कहा गया |

27. राजकीय बालिका आश्रम छात्रावास भीलूडा का निरीक्षण किया गया | भवन अच्छा बना हुआ है | वार्डन मौके पर उपस्थित मिली | सभी व्यवस्थाएं ठीक पाई गयी | सभी छात्राओं को एकत्रित कर शिक्षा के स्तर की जानकारी की | छात्राओं का शिक्षा का स्तर ठीक पाया गया | सभी छात्राओं को नियमित रहकर कठोर मेहनत कर अपना भविष्य सुन्दर बनाने, अच्छे संस्कार सीखने हेतु प्रेरित किया |

28. आयोग के माननीय सदस्य का **राजकीय बालिका आश्रम गढ़ी, बांसवाडा** में प्रशिक्षक (कोच), अधीक्षक एवं छात्रावास की बालिकाओं द्वारा स्वागत किया गया | इस छात्रावास की आवास क्षमता 75 बालिकाएँ हैं | माननीय सदस्य द्वारा बालिकाओं को आगे पढाई जरी रखने तथा परीक्षा में अधिक से अधिक अंक लाने हेतु कड़ी मेहनत और लगन के साथ मन लगाकर अध्ययन कर अपना भविष्य सुधारने हेतु प्रोत्साहित किया | तलवाडा में अनुसूचित जनजाति के अनेक संगठनों द्वारा स्वागत किया और मांग पत्र प्रस्तुत किये |

29. बांसवाडा माही डेम गेस्ट हाउस पहुँचने पर अधिकारियों व जनजाति समुदाय के विभिन्न संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया | कई संगठनों द्वारा मांग-पत्र दिए गए | सभी से आयोग के अधिकार व क्रियाकलापों की विस्तृत चर्चा की गई |

**दिनांक: 02 फ़रवरी 2017**

30. **राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बोरवट:** आयोग के माननीय सदस्य ने आदिवासी बाहुल्य जिले बांसवाडा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बोरवट का निरीक्षण किया | निरीक्षण के दौरान पाया कि इस विद्यालय में कुल 402 छात्र अध्ययनरत है परन्तु 248 छात्र ही उपस्थित पाए गए | निरीक्षण के दौरान छात्रों से पूछे गए प्रश्नों तथा पुस्तक अध्ययन से स्पष्ट हो गया की आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर संतोषप्रद नहीं है |

31. **राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बोरवट** के निरीक्षण के दौरान अध्यापिका श्रीमती नीता गाँधी ने विद्यालय की पंजीकृत छात्र संख्या 37 बताई जिसमे से 26 छात्र उपस्थित थे | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बोरवट में दो शिक्षक सेवारत हैं, बताया गया की अन्य अध्यापिका श्रीमती ममता जोशी अवकाश पर हैं परन्तु उनका अवकाश आवेदन पत्र बिना दिनांक का पाया गया, इस तरह की अव्यवस्थाओं को तत्काल प्रभाव से रोकने की आवश्यकता है | विद्यालय में सफाई व्यवस्था उचित नहीं पाई गयी | सुविधा गृह (टॉयलेट) भी सफाई नहीं करने के कारण उपयोग योग्य नहीं पाए गए | तत्काल सफाई व्यवस्था में सुधार किया जाने हेतु निर्देशित किया ताकि बच्चों को किसी तरह का संक्रमण नहीं फैले |

आदिवासी विकास में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का योगदान बहुत ही अहम् है और इस ओर ध्यानाकृष्ट की नितांत आवश्यकता माननीय सदस्य द्वारा महसूस की गयी | छात्रों हेतु ऐसे वातावरण का निर्माण किया जाना चाहिए जिससे शिक्षा को रुचिपूर्ण बनाकर उनके सर्वांगीण विकास की नीव रखी जा सके तब छात्र संख्या कोई चुनौती नहीं रह जाएगी | सदस्य महोदय का यह मानना है कि आदिवासी क्षेत्रों में बिना तिथि का स्वीकृति रहित अवकाश प्रार्थना पत्र रखकर कर्मचारी अवकाश पर चले जाते हैं, जबकि वहां पर अधिकांश पदस्थापन भी रिक्त होते हैं जिसके कारण छात्रों को विद्यालय बंद मिलता है या सुचारू रूप से अध्ययन कार्य नहीं हो पाता है | ऐसी स्थिति में राज्य सरकार को तत्काल रिक्त पदों को भरने तथा व्यवस्था में सुधार हेतु कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है |

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

32. **माननीय सदस्य ने आदिवासी क्षेत्र बोरवट, बांसवाडा** के उप-स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया जिसमें पाया की उक्त उप-स्वास्थ्य केंद्र बंद है तथा नियुक्त दोनो महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अनुपस्थित हैं जिसकी किसी को कोई सूचना नहीं है |

उप-स्वास्थ्य केंद्र, निदेशालय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएं के जन स्वास्थ्य तंत्र की अग्रिम पंक्ति के सेवा केंद्र हैं जहाँ पर प्राथमिक स्तर की चिकित्सा सेवाओं के साथ - साथ परिवार कल्याण एवं टीकाकरण की सुविधाओं को आमजन तक आसानी से पहुँचाने के प्रयास किये जाते है जिससे उनके स्वास्थ्य की स्थिति में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकें |

33. **उप-स्वास्थ्य केंद्र छींच, पंचायत समिति बागीदौराः** माननीय सदस्य ने पंचायत समिति बागीदौरा के उप-स्वास्थ्य केंद्र छींच का निरीक्षण किया जिसमें बताया गया की स्वास्थ्य दिवस होने के कारण कार्यरत कर्मचारी क्षेत्र में भ्रमण हेतु गए हुए हैं |

34. **आंगनवाडी केंद्र खटवाडा, छींच, पंचायत समिति - बागीदौराः** आंगनवाडी केंद्र खटवाडा के निरीक्षण के दौरान पता चला की केंद्र पर कुल 26 बच्चे लाभार्थी के रूप में पंजीकृत हैं और उनमे से 22 उपस्थित बता रखे हैं जबकि मौके पर 8 - 10 बालक - बालिकाएँ ही उपस्थित पाए गए | आंगनवाडी केंद्र पर सफाई व्यवस्था भी सही नहीं पाई गयी | सदस्य महोदय के दस्तावेजों के बारे में जानकारी करने पर अनुपलब्धता बताई गयी | यह एक आंगनवाडी कार्यकर्ता की लापरवाही का प्रतीक है |

सदस्य महोदय का मानना है कि समेकित बाल विकास कार्यक्रम, बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इसके क्रियान्वयन की नींव बांसवाडा में ही रखी गयी थी | खेद है की 40 वर्ष बाद भी कार्यक्रम में इस तरह की बुनियादी खामियां नजर आती हैं जो लक्ष्य प्राप्ति में बड़ी चुनौती के तौर पर खड़ी हैं | आदिवासी इलाकों में विशेष ध्यान देकर इस कार्यक्रम को जहाँ इसकी आवश्यकता भी अधिक है न केवल बच्चों के विकास में बल्कि समुदाय के विकास में बहुत बड़ा योगदान हो सकता है |

35. **गाँव कानेला** पहुँचने पर ग्रामवासियों ने साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया और अपने मांग-पत्र प्रेषित किये | ग्रामवासियों को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अधिकारों और क्रियाकलापों की जानकारी देकर अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु सजग रहने हेतु कहा गया |

36. **आवासीय विद्यालय पाडोला, आनंदपुरीः** माननीय सदस्य ने आवासीय विद्यालय पाडोला, का निरीक्षण किया जिसमें ज्ञात हुआ की छात्र/ छात्राएं गणित विषय में कमजोर हैं तथा उनका सामान्य ज्ञान का स्तर ठीक प्रतीत हुआ | छात्र/ छात्राओं से वित् मंत्री एवं अंतरिक्ष यात्रिओं के नाम की सही जानकारी थी यह इस बात का द्योतक है की उनके सामान्य ज्ञान का स्तर संतोषप्रद है |

सदस्य महोदय ने छात्र/ छात्राओ को प्रेरित करते हुए जीवन में शिक्षा को सफलता की कुंजी बताया और आज के सन्दर्भ में गणित विषय के अध्ययापन को भी विभिन्न शिक्षण विधाओं से रुचिकर बनाने की ओर प्रयास का सुझाव कार्यरत अध्यापकों को दिया गया |

37. **राजकीय जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास डोकर, पंचायत समिति आनंदपुरीः** माननीय सदस्य ने राजकीय जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास डोकर, पंचायत समिति आनंदपुरी का निरीक्षण किया जिसमे निम्न तथ्य दृष्टिगत हुए -

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

- छात्रावास की कुल आवास क्षमता 50 बालिकाएं है एवं वर्तमान में 44 बालिकाएं आवासित हैं |
- छात्रावास में बालिकाओं विभिन्न शैक्षणिक स्तर के अनुरूप एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के उद्द्येश्य से कोचिंग करवाई जा रही है |
- छात्रावास में मनोरंजन, ज्ञान तथा समसामयीक विषयों पर जानकारी बढ़ाने के लिए टेलीविज़न की कमी को आवासित बालिकाओं ने सदस्य महोदय के समक्ष रखा |
- माननीय सदस्य ने समय के सदुपयोग करने, शिक्षा के महत्व के साथ - साथ श्रम दान के बारे में बालिकाओं को विस्तृत रूप से बताया | इस मौके पर उपखंड अधिकारी भी उपस्थित थे | उन्होंने भी छात्राओं को संबोधित कर प्रेरित किया |

**दिनांक : शुक्रवार 03 फ़रवरी, 2017**

38. **राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बोरतालाब:** इस विद्यालय में कुल 950 छात्र / छात्राएं प्रवेशित है, निरीक्षण के दौरान केवल 566 छात्र / छात्राएं ही उपस्थित पाए गए | निरीक्षण के दौरान व्यवस्थायें संतोषप्रद पाई गयी, तथा माननीय सदस्य ने इसी अनुरूप कार्य की गुणवता बनाये रखने की आवश्यकता की बताई |

39. **राजकीय जनजाति बालक आश्रम छात्रावास, छोटी सरवन, जिला - बांसवाडा:** इस छात्रावास की कुल आवास क्षमता 100 बालक है, निरीक्षण के दौरान केवल 75 बालक उपस्थित थे | निरीक्षण के दौरान अनुपयोगी सामान की नियमानुसार नीलामी कराने हेतु निर्देशित किया |

40. **प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छोटी सरवन:** माननीय सदस्य द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छोटी सरवन के निरीक्षण के दौरान डॉ. अर्जुन लाल डिन्डोर ने स्वास्थ्य केंद्र उप उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देते हुए अवगत कराया की अभी 14 मरीज भर्ती हैं जिनमे 11 महिलाएं प्रसव पूर्व / उपरांत सेवाओं हेतु तथा 3 मरीज अन्य किन्ही स्वास्थ्य कारणों से भर्ती हैं | औसतन 110 प्रसव प्रतिमाह इस स्वास्थ्य केंद्र पर होते हैं | निरीक्षण के दौरान यह पता चला की श्रीमती वंदना गोठवाल, ए.एन.एम. 01.02.2017 से अवकाश पर हैं तथा श्री वरसिंह मईडा सेवा से अनुपस्थित पाए गए |

41. **राजकीय प्राथमिक विद्यालय - पिपलीपाड़ा:** इस विद्यालय में कुल 76 छात्र प्रवेशित है, निरीक्षण के दौरान केवल 36 छात्र ही उपस्थित पाए गए | विद्यालय में कुल 3 अध्यापिकायें पदस्थापित हैं लेकिन निरीक्षण के दौरान केवल एक ही अध्यापिका उपस्थित मिली | शेष दोनों अध्यापिकायें अवकाश पर होना बताया गया | अवकाश का कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं था | विद्यार्थीयों के शिक्षा के स्तर को जानने हेतु माननीय सदस्य महोदय ने कक्षा 5 के छात्र - छात्राओं से हिंदी पाठ वाचन के लिए कहा जो वो ठीक तरह से पाठ वाचन नहीं कर पाए | माननीय सदस्य ने बताया कि शौचालय सहित विद्यालय प्रांगण की साफ - सफाई की व्यवस्था सुधारने से बच्चों में अच्छे संस्कारों की नीव रखी जा सकेगी साथ ही बच्चों का स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा |

42. **राजकीय जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास - दानपुर:** इस छात्रावास की कुल आवास क्षमता 50 बालिकाएँ है, निरीक्षण के दौरान केवल 40 बालिकाएँ ही उपस्थित होना बताया | छात्रावास में पानी की समस्या होना बताया गया |

43. **डॉ. भीम राव अम्बेडकर समाज कल्याण छात्रावास- दानपुर:** छात्रावास के निरीक्षण के दौरान माननीय सदस्य ने निम्न खामियां पंक्तिबद्ध की -
    - छात्रावास की आवास क्षमता 70 बालक है, निरीक्षण के दौरान केवल 28 बालक ही उपस्थित होना बताया गया |
    - छात्रावास अधीक्षक श्री जालिम सिंह मीना अनुपस्थित थे |

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

- छात्रावास में पेयजल व नहाने-धोने हेतु पानी की उचित व्यवस्था नहीं है |
- छात्रावास की सफाई व्यवस्था बहुत ही निम्न स्तर की पाई गयी तथा बालकों से वार्ता पर यह ज्ञात हुआ कि बच्चे खुले में शौच जाते हैं जिससे न केवल जहरीले सरीसर्प आदि का खतरा रहता है बल्कि हमारे स्वच्छ भारत अभियान को भी बड़ी चुनौती है |
- बिना किसी सूचना के बच्चों का घर चले जाना भी माननीय सदस्य की जानकारी में आया जो की एक ओर उनकी शिक्षा के उद्येश्य प्राप्ति से विचलन है तथा दूसरी ओर उनकी सुरक्षा को भी खतरा है | उचित व्यवस्था के अभाव में छात्र अधिकतर अपने घर चले जाते हैं |

44. **आंगनवाडी केंद्र - कटुम्बी-II:** निरीक्षण के दौरान प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार 3 से 6 वर्ष के 25 बच्चे, 12 धात्री महिलाएं, 03 किशोर बालिकाएं लाभार्थी के रूप में पंजीकृत है जबकि 12 बच्चे ही उपस्थित पाए गए |

45. **उप-स्वास्थ्य केंद्र, बोरतालाब:** निरीक्षण के दौरान उप-स्वास्थ्य केंद्र, बोरतालाब बंद पाया गया तथा सूचना-पट्ट पर 02.02.2017 को बैठक हेतु जाना अंकित था जबकि निरीक्षण के दिन की कोई सूचना अंकित नहीं थी |

46. **फतेहपुरा - कुण्डला, बांसवाडा में जनजाति प्रतिनिधियों के साथ वार्ता:** कुण्डला, बांसवाडा के जनजाति प्रतिनिधी माननीय सदस्य से मिले और अपनी समस्याओं तथा क्षेत्र में जनजातियों विकास कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी | फतेहपुरा - कुण्डला के श्री लक्ष्मण पुत्र श्री होमला एवं प्रकाश पुत्र श्री लक्ष्मण ने बताया की उन्हें जनजाति विकास विभाग से वनाधिकार पट्टे नहीं मिले हैं | वार्ता के दौरान ही यह तथ्य भी सामने आया की राशन वितरक द्वारा केरोसिन तेल के लोगों से 50 - 50 रूपए वसूले जा रहे हैं तथा राशनकार्ड में राशि का कोई उल्लेख नहीं है केवल 2.5 लीटर अंकित है | निर्धारित दर से अधिक रूपया वसूला जा रहा है |

47. **समीक्षा बैठक:** माननीय सदस्य ने पुलिस अधीक्षक बांसवाडा, कार्यवाहक जिला कलेक्टर, बांसवाडा व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जिले में जनजाति विकास हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु बैठक ली जिसमें उपस्थित जिलाधिकारियों ने उनके विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत लक्ष्य के विपरीत प्रगति साझा की गयी | यह भी ज्ञात हुआ की जिले में अधिकारी/कर्मचारियों के अधिकतर पद रिक्त है | **जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग (टी.ए.डी.), बांसवाडा** में कर्मचारियों / अधिकारियों के कुल 12 पद सृजित हैं जिनमें से 8 पद रिक्त हैं | **राजकीय जनजाति बालक आदर्श विद्यालय - कुशलगढ़ - बांसवाडा** में व्याख्याताओं के पद रिक्त हैं | मानव संसाधन की कमी के कारण विभाग की कार्य क्षमता के अनुरूप कार्य संपादन नहीं हो पा रहा है |



*छायाचित्र - 7: जिलाधिकारियों की बैठक में श्री हरिकृष्ण डामोर के साथ कार्यवाहक जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक, बांसवाड़ा*

48. माननीय सदस्य ने जनजाति समुदाय को अधिक से अधिक लाभ देने के लिए कहा साथ ही श्रमिक कार्ड बनवाकर भी लाभ दिलवाए जाने की सलाह दी | उन्होंने कहा की बाँसवाड़ा जिला अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जिला है अत: अधिक संवेदनशील होकर जनजातियों को जागरूक कर उनको लाभान्वित किया जावे |

**दिनांक : 04 फ़रवरी, 2017**

49. **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई. टी. आई.), बांसवाडा:** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बांसवाडा के निरीक्षण के दौरान पाया कि -

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

- कुल 450 छात्र /छात्राएं प्रवेशित हैं जिनमे 260 अनुसूचित जनजाति वर्ग के तथा 75 छात्राएं हैं |
- संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि कुल पद 28 के विरुद्ध 23 पद रिक्त हैं | अस्थाई व्यवस्था से शिक्षण-प्रशिक्षण करवाया जा रहा है |
- परीक्षा के कारण छात्र /छात्राओ की उपस्थिति काफी कम पाई गयी |
- छात्राओ ने बताया की उन्हें अभी तक छात्रवृति नहीं मिली है |
- कुछ छात्र /छात्राओ के छात्रवृति के ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा नहीं होना बताया गया |
- कुछ छात्र /छात्राओ के शुल्क का पुनर्भरण भी नहीं हुआ हैं |



*छायाचित्र - 8: औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बांसवाड़ा का निरीक्षण करते हुए*

(श्री हरिकृष्ण डामोर)
सदस्य

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi